## NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड चौखुटिया में भतरौजखान–गनाई मोटर मार्ग से भटकोट–ढ़ोन–रीठाचौरा मोटर मार्ग का निर्माण।

जनपद अल्मोड़ा चौखुटिया ब्लाक के अन्तर्गत भटकोट से ढोन होते हुवे रीठाचौरा तक मार्ग निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन भतरौजखान–गनाई मोटर मार्ग के किमी0–57 से प्रारम्भ होता है। इसकी लम्बाई 5.00 किमी0 है। यह समरेखन अधिक जनता को लाभान्वित करता है इसमें आम लोगों की सहमति भी है और इस समरेखन से मार्ग के निर्माण की लागत भी कम आयेगी।

समरेखन–2 यह समरेखन भतरौजखान–गनाई मोटर मार्ग के किमी0–56 से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन से कम आबादी लाभान्वित होती है तथा इसमें आम लोगों की सहमति भी नहीं है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।